# क्षमता केंद्र बनाने में मदद देंगी कंपनियां

लखनऊ। यूपी की रियल इस्टेट कंपनियां अब आईटी कंपनियों व वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित करने के लिए आफिस स्थान व जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराएंगी।

मंगलवार को इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में इन कंपनियों के साथ बैठक में इस पर सहमति बनी। इस बैठक में अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स और वाणिज्यिक स्पेस प्रदाताओं ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वैश्विक क्षमता केंद्र के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा करना था।